प्रेस विज्ञप्ति

दि.03.10.2023 को क्षेत्रीय कार्यालय मुंबई में हिंदी पखवाड़ा समापन/ पुरस्कार वितरण समारोह का भव्य आयोजन किया गया। समारोह की अध्यक्षता श्री अनिल कुमार साहु, अपर आयुक्त ने की। मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. कृष्ण कुमार मिश्र, साहित्यकार उपस्थित हुए। कार्यक्रम का आरंभ करते हुए श्रीमती अंकिता बनर्जी उप निदेशक (राजभाषा) ने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर हिंदी पखवाड़ा में आयोजित प्रतियोगिताओं में विजेताओं को पुरस्कृत किया गया और सबसे अधिक हिंदी में काम करने वाली रोकड़ शाखा को शील्ड दी गई।

अपने अध्यक्षीय भाषण में श्री अनिल कुमार साहु ने कहा कि हिंदी की प्रगति निरंतर की जा रही है। उन्होंने बताया कि हमारे पूर्वज द्वारा राजभाषा हिंदी को पूरे देश में एक समान स्तर की भाषा बनाने का संकल्प लिया गया था। उस संकल्प में हमें निरंतर प्रयास करते रहना है। अध्यक्ष महोदय ने राष्ट्रीय एकीकरण के लिए हिंदी के महत्व को बताया और कहा कि राष्ट्र को मजबूत करने की भाषा हिंदी ही बन सकती है।

मुख्य अतिथि ने अपने वक्तव्य में हिंदी के वस्तूपरक मूल्याकंन पर जोर दिया तथा हिंदी को उच्च शिक्षा, रोजी रोटी से जोड़ने की आवश्यकता बताया। इसी के साथ उन्होंने हिंदी पखवाड़ा के प्रतिभागियों को प्रतिभागिता के लिए हार्दिक बधाई दी।

कार्यक्रम में उप निदेशक श्री आशुतोष गिरि एवं श्री आलोक गुप्ता ने अपना सक्रिय योगदान दिया।